# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-5” के शुभारम्भ के अवसर पर जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-5” के शुभारम्भ के अवसर पर आज दिनांक 03.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 03.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी शिवरामपुर श्री सत्यमपति त्रिपाठी व उ0नि0 यूटी कुंवर प्रखर ,आरक्षी विवेक कुमार द्वारा रामकरन पुत्र राकेश निवासी कपाड़िया मुहल्ला शिवरामपुर थाना कोत0 कर्वी जनपद चित्रकूट को 42 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

(4). आज दिनाँक 03.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(5). आज दिनाँक 03.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में निरीक्षक श्री राकेश सिंह प्रभारी न्यायालय सुरक्षा के नेतृत्व में एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत , न्यायालय परिसर की सघन चेकिंग की गई।

**(6).** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना “मिशन शक्ति अभियान-5” के शुभारम्भ के अवसर पर शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर आज दिनांक 03.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल की उपस्थिति में राजकीय बालिका इण्टर कालेज कर्वी में पुलिस की पाठशाला लगाकर नारी सुरक्षा,नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्राओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक कर उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता करना, सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदो को चेतावानी देना, महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक करना, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम के विषय में व महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्न, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा बताया गया कि 03 माह की अवधि के दौरान 10-10 दिवस के 09 विशेष अभियान जिसमें ऑपरेशन गरूड़,शील्ड,डिस्ट्राय,बचपन,खोज,मजनू,नशा मुक्ति,रक्षा,ईगल संचालित किये जायेंगे।

इसी दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,महिला थानाध्यक्ष सविता सरोज,महिला उ0नि0 आकाक्षां,पीआरओं श्री प्रदीप पाल एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

(7). उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में "मिशन शक्ति अभियान-5" के तहत जनपद चित्रकूट में आज दिनांक-03-10-2024 को उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार झां एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति श्रीमती निष्ठा उपाध्याय द्वारा थाना राजापुर परिसर में थाना राजापुर क्षेत्र की महिलाओं/बालिकाओं/आंगनबाड़ी/समाजसेविका को व क्षेत्राधिकारी राजापुर व प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता

सिंह,महिला बीट अधिकारी द्वारा ग्राम बाबूपुर बीट में जाकर जन चौपाल लगाकर सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वाकांक्षी योजना के तहत महिला पुलिस की पाठशाला में आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक कर उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता करना, सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदो को चेतावानी देना, महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक करना, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम के विषय में, गुड टच बैड टच के विषय में व महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्न, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे पुलिस की पाठशाला लगाकर जागरूक किया गया।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी महोदया द्वारा बताया गया कि 03 माह की अवधि के दौरान 10-10 दिवस के 09 विशेष अभियान जिसमें ऑपरेशन गरूड़,शील्ड,डिस्ट्राय,बचपन,खोज,मजनू,नशा मुक्ति,रक्षा,ईगल संचालित किये जायेंगे।

(8). उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना "मिशन शक्ति अभियान-5" के शुभारम्भ के अवसर पर शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर आज दिनांक 03.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय की उपस्थिति में ब्लॉक संस्थान मऊ में पुलिस की पाठशाला लगाकर नारी सुरक्षा,नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा छात्राओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक कर उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता करना, सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदो को चेतावानी देना, महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक करना, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम के विषय में व महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्न, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूक किया गया ।

**(9).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अशोक बाबू द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री पीयूष कुमार द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश सिविल (सी0डि0) द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 226/2012 धारा 411 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त नरेन्द्र उर्फ मोटू कबाड़ी पुत्र राजाराम निवासी रत्नावली मार्ग थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा तथा 2000/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

**(10).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे #OperationConviction के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अबरार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री पीयूष कुमार द्वारा की

गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय सिविल जज (सी0डी0) श्री सचिन कुमार दीक्षित द्वारा थाना पहाड़ी में पंजीकृत मु0अ0सं0 01/2017 धारा 60 आबकारी अधिनियम के आरोपी अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र चुक्का प्रसाद निवासी धोबिन का पुरवा मजरा कलवारा बुजुर्ग थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 500 रूपये का अर्थदण्ड तथा न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया गया।

**(11).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 रामअधार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा जान से मारने की नियत से फायर करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 09.08.2024 को वादी शोभालाल पुत्र छोटेलाल कोल निवासी गिदुरहा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट द्वारा सूचना दिया गया कि मेरे चाचा सुबह से शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे मना करने पर शिकार वाली गजहाई बन्दुक लेकर जान से मारने की नियत से मेरे उपर फायर कर दिये जिससे मुझे तथा मेरे बगल में खड़े विनोद पुत्र मुन्नू कोल को भी सिर में लग गयी। फायर की आवाज सुनकर गांव वाले शिकार वाली बन्दुक को मेरे चाचा से छिन लिए तभी मेरे चाचा लालमन ने डंडा उछाकर कपिल पुत्र मुन्नू को हाथ में मारकर जंगल की तरफ भाग गया। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में मु0अ0सं0 144/24 धारा 109 /352 बीएस व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम लालमन कोल पुत्र स्व0 लालता प्रसाद कोल निवासी गिदुरहा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट पंजीकृत किया गया। आज दिनाँक 03.10.2024 को थाना मानिकपुर पुलिस ने अथक प्रयास करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को जो काफी दिनों से जंगलों में छिपकर रहता था उसे डाट पुल चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>**

1.उ0नि0 श्री रामअधार सिंह थाना मानिकपुर
2.उ0नि0 प्रशिक्षु पवन चौधरी
3.आरक्षी अजीजुउद्दीन
4.महिला आरक्षी शिवानी चन्देल